**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1351**
**दिनांक 30 जुलाई, 2024/ 08 श्रावण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**आंध्र प्रदेश में गुमशुदा महिलाएं**

**†1351. श्री बी. के. पार्थसारथीः**

**श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में गुमशुदा और पाई गई महिलाओं की कुल संख्या आयु-वार और जिला-वार कितनी है;**
**(ख) क्या मंत्रालय ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कोई विशेष कार्य बल या जांच इकाइयां स्थापित की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
**(ग) क्या गुमशुदा महिलाओं के मामलों को रोकने के लिए कोई सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम हैं; और**
**(घ) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश में आयोजित ऐसे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री बंडी संजय कुमार)**

(क) : वर्ष 2019-2023 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में लापता और पाई गई महिलाओं (18 वर्ष से कम आयु) और वयस्क महिलाओं (18 वर्ष से अधिक आयु) का जिला-वार विवरण जो कि आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा सूचित किया गया है, अनुलग्नक में दिया गया है।
(ख) से (घ) : भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' राज्य के विषय हैं। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा महिलाओं सहित नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है तथा राज्य सरकारें कानूनों के मौजूदा प्रावधानों के तहत ऐसे अपराधों से निपटने के लिए सक्षम हैं।

**लोक सभा अता. प्र.सं. 1351 दिनांक 30.07.2024**

तथापि, गृह मंत्रालय इस संबंध में विभिन्न पहलें और उपाय करके राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करता रहा है। गृह मंत्रालय ने मौजूदा मानव तस्करी रोधी इकाइयों (एएचटीयू) को सुदृढ़ बनाने तथा राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के सभी जिलों को कवर करते हुए नई एएचटीयू स्थापित करने और राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के प्रत्येक पुलिस स्टेशन में महिला सहायता डेस्क स्थापित करने के लिए सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। आंध्र प्रदेश सरकार ने बताया कि उन्होंने गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार मानव तस्करी से निपटने और उसे रोकने के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय में मानव तस्करी रोधी इकाइयां (एएचटीयू) स्थापित की हैं तथा राज्य के प्रत्येक पुलिस स्टेशन में महिला सहायता डेस्क स्थापित किए हैं।

इसके अलावा, गृह मंत्रालय समय-समय पर 'न्यायिक वार्तालाप और 'राज्य स्तरीय सम्मलेन' आयोजित करने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य न्यायिक और पुलिस अधिकारियों को जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें मानव तस्करी से संबंधित नवीनतम प्रावधानों के बारे में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना है।

इसके अतिरिक्त, गृह मंत्रालय महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध से निपटने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एडवाइजरी जारी करता रहा है। ये एडवायजरी गृह मंत्रालय की वेबसाइट www.mha.gov.in पर उपलब्ध हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने लापता तथा पाए गए अथवा बरामद किए गए बच्चों के मामलों से निपटने में पुलिस, बाल कल्याण समितियों और किशोर न्याय बोर्ड की सहायता करने के लिए "लापता बच्चों के मामलों के संबंध में मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी)" जारी की है। इस एसओपी का उद्देश्य, लापता बच्चों के मामलों से निपटने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करना और संबंधित स्टेकहोल्डरों के साथ समन्वय में कार्य करना तथा लापता बच्चों के मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करना है।

लापता बच्चों और जरूरतमंद बच्चों को संपर्क सेवाएं (आउटरीच सर्विस) प्रदान करने के उद्देश्य से, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एक चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098 संचालित कर रहा है, जो 24/7 आधार पर ऑपरेशनल है। इसके अतिरिक्त, किसी भी जरूरतमंद बच्चे को सहायता प्रदान करने के लिए बड़े रेलवे प्लेटफार्मों पर "रेलवे चाइल्ड लाइन्स" भी संचालित की जा रही हैं।

**लोक सभा अता. प्र.सं. 1351 दिनांक 30.07.2024**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने "ट्रैक चाइल्ड पोर्टल" भी शुरू किया है, जो लापता और पाए गए बच्चों की ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। इसके तहत, पुलिस स्टेशनों, किशोर न्याय बोर्डों और बाल देखभाल संस्थाओं को लॉगिन प्रदान किए गए हैं, जिसमें उन्हें लापता और पाए गए बच्चों के बारे में जानकारी को नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट करना होता है। "ट्रैक चाइल्ड पोर्टल" का एक घटक 'खोया-पाया' है, जहां कोई भी नागरिक अधिक समय गंवाए बिना लापता बच्चों के साथ-साथ उनकी निशानदेही की सूचना दे सकता है।

इसके अलावा, केंद्र सरकार महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान, मीडिया अभियान और आउटरीच कार्यक्रम चलाती है और समय-समय पर राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को एडवायजरी जारी करती है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) भी समय-समय पर हितधारकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम और परामर्श करता है। इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि उसके द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं :-

- राज्य में संबंधित विभागों और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से एएचटीयू अधिकारियों के साथ मानव तस्करी पर राज्य स्तरीय सम्मेलन (ऑफलाइन और ऑनलाइन);
- महिलाओं/छात्राओं/बच्चों को यौन शोषण के प्रति जागरूक करने और उपचारात्मक उपायों के लिए प्रेरित करने संबंधी अभियान;
- महिलाओं/महिला पीड़ितों को परामर्श देना और उनकी शिकायतों का सौहार्दपूर्ण समाधान प्रदान करना;
- भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी मानव तस्करी रोधी, महिला एवं बाल सुरक्षा पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को राज्य की सभी पुलिस इकाइयों को सख्त कार्यान्वयन हेतु सूचित करना;
- "यौन शोषण के उद्देश्य से मानव तस्करी के मामलों की जांच हेतु" तथा "महिलाओं के प्रति अपराध" हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को तैयार करना एवं राज्य की सभी पुलिस इकाइयों को सख्त कार्यान्वयन हेतु प्रसारित करना;
- आंध्र प्रदेश पुलिस ने "विमुक्ति अभियान" के बैनर तले महिलाओं और बच्चों की तस्करी और उनके प्रति सभी प्रकार के दुर्व्यवहार के खिलाफ़ एक केंद्रित अभियान शुरू किया।

*******

**लोक सभा अता. प्र. स.** 1351 **दिनांक** 30.07.2024

**अनुलग्नक**

वर्ष 2019 के दौरान, लापता और बरामद (पिछले वर्षों के लापता महिलाओं सहित) महिलाओं (18 वर्ष से कम और 18 वर्ष और उससे अधिक) की जिला-वार संख्या

| **क्रम स.** | **इकाईयों के नाम** | **18 वर्ष से कम** | | **18 वर्ष एवं अधिक** | | **कुल महिलाएं** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता बालिकाओं सहित)** | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित)** | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित)** |
| 1 | श्रीकाकुलम | 52 | 51 | 179 | 152 | 231 | 203 |
| 2 | विजयनगरम | 82 | 79 | 168 | 142 | 250 | 221 |
| 3 | विशाखापत्तनम शहर | 26 | 28 | 426 | 447 | 452 | 475 |
| 4 | विशाखापत्तनम ग्रामीण | 31 | 25 | 156 | 145 | 187 | 170 |
| 5 | राजमुंदरी अर्बन | 51 | 52 | 182 | 146 | 233 | 198 |
| 6 | पूर्वी गोदावरी | 102 | 100 | 257 | 236 | 359 | 336 |
| 7 | पश्चिम गोदावरी | 168 | 171 | 451 | 380 | 619 | 551 |
| 8 | विजयवाड़ा सिटी | 172 | 168 | 349 | 405 | 521 | 573 |
| 9 | कृष्णा | 27 | 26 | 255 | 239 | 282 | 265 |
| 10 | गुंटूर अर्बन | 46 | 46 | 247 | 247 | 293 | 293 |
| 11 | गुंटूर ग्रामीण | 113 | 113 | 327 | 312 | 440 | 425 |
| 12 | प्रकाशम | 96 | 93 | 248 | 236 | 344 | 329 |
| 13 | नेल्लोर | 111 | 99 | 234 | 206 | 345 | 305 |
| 14 | कुरनूल | 174 | 171 | 330 | 294 | 504 | 465 |
| 15 | अनंतपुर | 280 | 275 | 486 | 450 | 766 | 725 |
| 16 | वाईएसआर कडपा | 176 | 165 | 299 | 285 | 475 | 450 |
| 17 | तिरुपति अर्बन | 68 | 90 | 192 | 186 | 260 | 276 |
| 18 | चित्तूर | 151 | 150 | 168 | 161 | 319 | 311 |
| 19 | आर पी विजयवाड़ा | 2 | 2 | 10 | 10 | 12 | 12 |
| 20 | आर पी गुंतकल | 0 | 0 | 4 | 0 | 4 | 0 |
| **कुल** | | **1928** | **1904** | **4968** | **4679** | **6896** | **6583** |

**लोक सभा अता. प्र. स.** 1351 **दिनांक** 30.07.2024

**अनुलग्नक**

वर्ष 2020 के दौरान, लापता और बरामद (पिछले वर्षों के लापता महिलाओं सहित) महिलाओं (18 वर्ष से कम और 18 वर्ष और उससे अधिक) की जिला-वार संख्या

| **क्रम स.** | **इकाईयों के नाम** | **18 वर्ष से कम** | | **18 वर्ष एवं अधिक** | | **कुल महिलाएं** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता बालिकाओं सहित)** | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित)** | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित)** |
| 1 | श्रीकाकुलम | 67 | 55 | 186 | 165 | 253 | 220 |
| 2 | विजयनगरम | 35 | 43 | 175 | 158 | 210 | 201 |
| 3 | विशाखापत्तनम शहर | 54 | 33 | 377 | 303 | 431 | 336 |
| 4 | विशाखापत्तनम ग्रामीण | 60 | 60 | 139 | 147 | 199 | 207 |
| 5 | राजमुंदरी अर्बन | 61 | 54 | 145 | 153 | 206 | 207 |
| 6 | पूर्वी गोदावरी | 125 | 65 | 390 | 238 | 515 | 303 |
| 7 | पश्चिम गोदावरी | 177 | 186 | 511 | 555 | 688 | 741 |
| 8 | विजयवाड़ा सिटी | 92 | 96 | 307 | 291 | 399 | 387 |
| 9 | कृष्णा | 37 | 37 | 296 | 303 | 333 | 340 |
| 10 | गुंटूर अर्बन | 77 | 70 | 204 | 204 | 281 | 274 |
| 11 | गुंटूर ग्रामीण | 111 | 106 | 299 | 283 | 410 | 389 |
| 12 | प्रकाशम | 85 | 92 | 286 | 263 | 371 | 355 |
| 13 | नेल्लोर | 120 | 115 | 305 | 282 | 425 | 397 |
| 14 | कुरनूल | 217 | 207 | 417 | 398 | 634 | 605 |
| 15 | अनंतपुर | 284 | 278 | 585 | 540 | 869 | 818 |
| 16 | वाईएसआर कडपा | 138 | 149 | 277 | 287 | 415 | 436 |
| 17 | तिरुपति अर्बन | 87 | 88 | 149 | 183 | 236 | 271 |
| 18 | चित्तूर | 262 | 259 | 433 | 422 | 695 | 681 |
| 19 | आर पी विजयवाड़ा | 2 | 2 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 20 | आर पी गुंतकल | 1 | 2 | 1 | 11 | 2 | 13 |
| **कुल** | | **2092** | **1997** | **5484** | **5192** | **7576** | **7189** |

**लोक सभा अता. प्र. स.** 1351 **दिनांक** 30.07.2024

**अनुलग्नक**

वर्ष 2021 के दौरान, लापता और बरामद (पिछले वर्षों के लापता महिलाओं सहित) महिलाओं (18 वर्ष से कम और 18 वर्ष और उससे अधिक) की जिला-वार संख्या

| **क्रम स.** | **इकाईयों के नाम** | **18 वर्ष से कम** | | **18 वर्ष एवं अधिक** | | **कुल महिलाएं** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता बालिकाओं सहित)** | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित)** | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित)** |
| 1 | श्रीकाकुलम | 85 | 86 | 203 | 215 | 288 | 301 |
| 2 | विजयनगरम | 38 | 30 | 215 | 177 | 253 | 207 |
| 3 | विशाखापत्तनम शहर | 155 | 161 | 636 | 668 | 791 | 829 |
| 4 | विशाखापत्तनम ग्रामीण | 51 | 54 | 165 | 158 | 216 | 212 |
| 5 | राजमुंदरी अर्बन | 72 | 73 | 199 | 162 | 271 | 235 |
| 6 | पूर्वी गोदावरी | 191 | 160 | 502 | 530 | 693 | 690 |
| 7 | पश्चिम गोदावरी | 187 | 180 | 543 | 521 | 730 | 701 |
| 8 | विजयवाड़ा सिटी | 128 | 115 | 399 | 386 | 527 | 501 |
| 9 | कृष्णा | 32 | 34 | 314 | 311 | 346 | 345 |
| 10 | गुंटूर अर्बन | 138 | 131 | 302 | 303 | 440 | 434 |
| 11 | गुंटूर ग्रामीण | 206 | 199 | 461 | 445 | 667 | 644 |
| 12 | प्रकाशम | 198 | 178 | 377 | 343 | 575 | 521 |
| 13 | नेल्लोर | 177 | 174 | 352 | 345 | 529 | 519 |
| 14 | कुरनूल | 261 | 234 | 604 | 624 | 865 | 858 |
| 15 | अनंतपुर | 446 | 443 | 778 | 789 | 1224 | 1232 |
| 16 | वाईएसआर कडपा | 204 | 204 | 369 | 26 | 573 | 230 |
| 17 | तिरुपति अर्बन | 147 | 156 | 211 | 232 | 358 | 388 |
| 18 | चित्तूर | 265 | 272 | 462 | 485 | 727 | 757 |
| 19 | आर पी विजयवाड़ा | 0 | 0 | 9 | 7 | 9 | 7 |
| 20 | आर पी गुंतकल | 0 | 0 | 3 | 5 | 3 | 5 |
| **कुल** | | **2981** | **2884** | **7104** | **6732** | **10085** | **9616** |

**अनुलग्नक**

वर्ष 2022 के दौरान, लापता और बरामद (पिछले वर्षों के लापता महिलाओं सहित) महिलाओं (18 वर्ष से कम और 18 वर्ष और उससे अधिक) की जिला-वार संख्या

| क्रम स. | इकाईयों के नाम | 18 वर्ष से कम | | 18 वर्ष एवं अधिक | | कुल महिलाएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लापता | बरामद (पिछले वर्ष के लापता बालिकाओं सहित) | लापता | बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित) | लापता | बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित) |
| 1 | श्रीकाकुलम | 119 | 108 | 272 | 270 | 391 | 378 |
| 2 | पार्वतीपुरम मन्यम | 13 | 12 | 69 | 70 | 82 | 82 |
| 3 | विजयनगरम | 29 | 29 | 217 | 221 | 246 | 250 |
| 4 | विशाखापत्तनम | 100 | 110 | 415 | 486 | 515 | 596 |
| 5 | अल्लूरी सीताराम राजू | 54 | 45 | 26 | 27 | 80 | 72 |
| 6 | अनकापल्ली | 56 | 61 | 141 | 128 | 197 | 189 |
| 7 | काकीनाडा | 94 | 94 | 295 | 320 | 389 | 414 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 139 | 152 | 264 | 285 | 403 | 437 |
| 9 | डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 77 | 90 | 190 | 226 | 267 | 316 |
| 10 | एलुरु | 98 | 102 | 315 | 325 | 413 | 427 |
| 11 | पश्चिम गोदावरी | 95 | 89 | 248 | 219 | 343 | 308 |
| 12 | एनटीआर | 172 | 162 | 689 | 683 | 861 | 845 |
| 13 | कृष्णा | 85 | 84 | 283 | 276 | 368 | 360 |
| 14 | पलनाडु | 111 | 116 | 253 | 286 | 364 | 402 |
| 15 | गुंटूर | 174 | 173 | 514 | 485 | 688 | 658 |
| 16 | बापतला | 79 | 78 | 218 | 197 | 297 | 275 |
| 17 | प्रकाशम | 151 | 159 | 323 | 336 | 474 | 495 |
| 18 | नेल्लोर | 200 | 219 | 342 | 344 | 542 | 563 |
| 19 | कुरनूल | 94 | 185 | 144 | 444 | 238 | 629 |
| 20 | नंदयाल | 96 | 102 | 204 | 216 | 300 | 318 |
| 21 | अनंतपुर | 220 | 226 | 431 | 479 | 651 | 705 |
| 22 | श्री सत्यसाईं | 168 | 138 | 256 | 227 | 424 | 365 |
| 23 | वाई एस आर कडपा | 164 | 168 | 272 | 273 | 436 | 441 |
| 24 | अन्नामय्या | 135 | 136 | 157 | 153 | 292 | 289 |
| 25 | तिरुपति | 217 | 211 | 398 | 425 | 615 | 636 |
| 26 | चित्तूर | 177 | 172 | 361 | 358 | 538 | 530 |
| 27 | आरपी विजयवाड़ा | 0 | 0 | 13 | 10 | 13 | 10 |
| 28 | आरपी गुंतकल | 1 | 0 | 5 | 4 | 6 | 4 |
| **कुल** | | **3118** | **3221** | **7315** | **7773** | **10433** | **10994** |

**लोक सभा अता. प्र. स.** 1351 **दिनांक** 30.07.2024

**अनुलग्नक**

वर्ष 2023 के दौरान, लापता और बरामद (पिछले वर्षों के लापता महिलाओं सहित) महिलाओं (18 वर्ष से कम और 18 वर्ष और उससे अधिक) की जिला-वार संख्या (अनंतिम आंकड़े)

| **क्रम स.** | **इकाईयों के नाम** | **18 वर्ष से कम** | | **18 वर्ष एवं अधिक** | | **कुल महिलाएं** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता बालिकाओं सहित)** | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित)** | **लापता** | **बरामद (पिछले वर्ष के लापता महिलाओं सहित)** |
| 1 | श्रीकाकुलम | 73 | 81 | 250 | 256 | 323 | 337 |
| 2 | पार्वतीपुरम मन्यम | 11 | 16 | 59 | 103 | 70 | 119 |
| 3 | विजयनगरम | 59 | 56 | 172 | 191 | 231 | 247 |
| 4 | विशाखापत्तनम | 221 | 188 | 514 | 436 | 735 | 624 |
| 5 | अल्लूरी सीताराम राजू | 14 | 17 | 24 | 25 | 38 | 42 |
| 6 | अनकापल्ली | 65 | 73 | 192 | 201 | 257 | 274 |
| 7 | काकीनाडा | 131 | 130 | 208 | 263 | 339 | 393 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 133 | 131 | 232 | 262 | 365 | 393 |
| 9 | डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 14 | 21 | 148 | 148 | 162 | 169 |
| 10 | एलुरु | 99 | 110 | 300 | 293 | 399 | 403 |
| 11 | पश्चिम गोदावरी | 86 | 87 | 32 | 69 | 118 | 156 |
| 12 | एनटीआर | 281 | 291 | 807 | 760 | 1088 | 1051 |
| 13 | कृष्णा | 49 | 49 | 268 | 260 | 317 | 309 |
| 14 | पलनाडु | 77 | 71 | 101 | 100 | 178 | 171 |
| 15 | गुंटूर | 92 | 91 | 306 | 296 | 398 | 387 |
| 16 | बापतला | 86 | 82 | 166 | 168 | 252 | 250 |
| 17 | प्रकाशम | 139 | 124 | 243 | 216 | 382 | 340 |
| 18 | नेल्लोर | 143 | 144 | 260 | 271 | 403 | 415 |
| 19 | कुरनूल | 124 | 123 | 243 | 232 | 367 | 355 |
| 20 | नंदयाल | 110 | 97 | 233 | 222 | 343 | 319 |
| 21 | अनंतपुर | 261 | 260 | 410 | 432 | 671 | 692 |
| 22 | श्री सत्यसाईं | 214 | 195 | 298 | 315 | 512 | 510 |
| 23 | वाई एस आर कडपा | 152 | 147 | 233 | 223 | 385 | 370 |
| 24 | अन्नामय्या | 91 | 91 | 145 | 127 | 236 | 218 |
| 25 | तिरुपति | 192 | 194 | 344 | 324 | 536 | 518 |
| 26 | चित्तूर | 202 | 201 | 367 | 361 | 569 | 562 |
| 27 | आरपी विजयवाड़ा | 2 | 2 | 15 | 10 | 17 | 12 |
| 28 | आरपी गुंतकल | 0 | 1 | 4 | 3 | 4 | 4 |
| **कुल** | | **3121** | **3073** | **6574** | **6567** | **9695** | **9640** |